धुरियापार में अदाणी समेत तीन कंपनियां लगा रहीं सीमेंट फैक्ट्री, मास्टर प्लान मंजूर होने के बाद तेजी

छह माह में तीन फैक्ट्रियों को मिलेगी भूमि

फॉलोअप

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की बोर्ड बैठक में बुधवार को धुरियापार औद्योगिक कारीडोर का मास्टर प्लान मंजूर होने के बाद सीईओ के नेतृत्व में अधिकारी ले-आउट की कवायद में जुट गए हैं। वैसे तो इसके लिए मंडलायुक्त अनिल ढींगरा ने 45 दिन का समय दिया है, लेकिन अधिकारियों का दावा है कि 15 से 20 दिन में ले-आउट तैयार हो जाएगा। इसकी मंजूरी के बाद टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर विकास कार्य शुरू किए जाएंगे।

धुरियापार में विकसित होने वाले इस नए औद्योगिक क्षेत्र में अदाणी समूह समेत तीन कंपनियों को सीमेंट की फैक्टरी लगाने के लिए छह महीने के अंदर जमीन का आवंटन होने की पूरी उम्मीद है।

धुरियापार औद्योगिक गलियारा 5500 एकड़ एरिया में विकसित होना है। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिकारियों ने इनमें से 600 एकड़ जमीन के अधिग्रहण कार्य पूरा कर लिया है। धुरियापार में औद्योगिक गलियारे में कुल 13 सेक्टर विकसित किए जाने हैं। इनमें से एस 5 और एस 6 सेक्टर में विकास कार्य के लिए टेंडर ले-आउट की मंजूरी के तत्काल बाद निकाला जाएगा। गीडा प्रशासन का दावा है कि तीन महीने में विकास कार्य को जमीन आवंटन की प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाएगा।

45 दिन के अंदर ले-आउट होगा तैयार, मंजूरी के बाद होगा आवंटन

- सीमेंट के साथ दर्जन भर से अधिक बड़ी कंपनियों ने मांगी हैं जमीनें
- गीडा बोर्ड बैठक में 5500 एकड़ वाले धुरियापार योजना को मिली है मंजूरी

“धुरियापार कारीडोर को लेकर 600 एकड़ जमीन का अधिग्रहण हो गया है। इसी जमीन में एस 5 और एस 6 सेक्टर विकसित किया जाना प्रस्तावित है। 15 से 20 दिन में ले-आउट बन जाएगा। इसके बाद विकास कार्य को लेकर टेंडर निकाला जाएगा। इसके बाद सभी बड़ी कंपनियों को जमीन आवंटन की प्रक्रिया पूरी होगी। दीवाली तक धुरियापार में विकास जमीन पर दिखने लगेगा। -अनुज मलिक, सीईओ, गीडा

अदाणी, जेके और श्री सीमेंट को जमीन का आवंटन किया जाएगा

सेक्टर एस 5 और एस 6 में विकास कार्य के पूरा होने के साथ ही अदाणी सीमेंट, जेके सीमेंट के साथ श्री सीमेंट को जमीन का आवंटन किया जाएगा। इसके साथ ही धुरियापार को रेल की सुविधा के साथ लिंक एक्सप्रेस-वे की सहुलियत को देखते हुए जमीन की डिमांड की है। इन्हें भी प्राथमिकता पर जमीन का आवंटन होगा। बता दें कि अदाणी सीमेंट का 1000 करोड़ का मेगा इन्वेस्टमेंट प्रस्तावित है। जिससे 1500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। करीब 65 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली सीमेंट यूनिट रेल लाइन के सटकर लग सकती है। इसके साथ ही जेके सीमेंट की ओर से लगभग 350 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। इसके लिए धुरियापार में 50 एकड़ जमीन मांगी गई है। वहीं श्री सीमेंट का प्रतिनिधिमंडल जमीन को जरूरतों को लेकर गीडा को प्रस्ताव दे चुका है।